हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

13 लाडो लक्ष्मी योजना विपक्ष के मुंह पर तमाचा : ग्रोवर



14 सीआर पोलिटेकनिक में पोस्टर मेकिंग...






## खबर संक्षेप

### खुशहाल जीवन की कला पर विशेष व्याख्यान

**रोहतक।** मदवि के अर्थशास्त्र विभाग में स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कला विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी मोनिका मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने ध्यान (मेडिटेशन) की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह विश्वास मजबूत करने, जीवन में खुशी लाने और व्यक्तिगत तथा पेशेवर जीवन में शांति बनाए रखने में किस प्रकार सहायक है।

### स्किल्स बिल्ड ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** मदवि के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी केंद्र ने करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से स्किल्स बिल्ड ओरिएंटेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम आईबीएम स्किल्स बिल्ड के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया।

### हसनगढ़ के पास युवक का शव मिला

**सांपला।** हसनगढ़ के पास एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया। पुलिस को सूचना मिली कि एक 28 साल के व्यक्ति का शव पड़ा है। पळव की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस का कहना है कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले।

## नई अनाजमंडी में चौ. देवीलाल को याद कर बोले अभय चौटाला

# पूर्व उप-प्रधानमंत्री की जयंती पर सम्मान रैली में उमड़ा जन सैलाब

*आज देश में सरकार जनता के ऊपर मनमाने कानून थोप रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की जयंती पर बृहस्पतिवार को नई अनाजमंडी में आयोजित सम्मान रैली में जन सैलाब उमड़ा। जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी, पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल, के. कविता, रघु यादव, बलवान पूनिया वित्त मंत्री प्रो. संपत्त सिंह सहित अनेक नेताओं ने रैली में पहुंच कर ताऊ देवीलाल के संघर्षों को याद किया। रैली को सम्बोधित करते हुए इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने कहा कि उन्हें याद है 1985 में राजीव-लौंगोवाल समझौता हुआ। चंडीगढ़ राजधानी को पंजाब को देने पर सहमति बनी। चौ. देवीलाल ने इस समझौते के खिलाफ बिगुल बजा दिया और समझौते को नामंजूर कर दिया। चौ. देवीलाल ने न्याय युद्ध शुरू किया।

- 1987 के चुनाव में जनता ने कांग्रेस का सुपड़ा साफ किया

हिसार से जब पैदल निकले। लोग उनसे जुड़ते चले गए और 1987 के चुनाव में जनता ने कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया। आज देश में भाजपा सरकार जनता के ऊपर मनमाने कानून थोप रही है। उन्होंने बताया 2019 में जनता ने सरकार के खिलाफ वोट किया और भाजपा को 40 सीटों पर जीत मिली।

*▶▶ इनेलो की रैली में पहुंचे पूर्व वित्त मंत्री प्रो. संपत्त सिंह, जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी, के. कविता, रघु यादव, बलवान पूनिया सहित अनेक नेताओं ने चौ. देवीलाल चौटाला के संघर्ष को याद किया*




### रोहतक में एक कामयाब रैली

पूर्व वित्त मंत्री प्रो. संपत्त सिंह ने अभय सिंह चौटाला को जुझारु एवं संघर्षशील व्यक्ति बताते हुए कहा कि पहली बार चौ. ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व में इंडियन नेशनल लोकदल का गठन किया और आज बेशक चौटाला साहब हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन इनेलो का नेतृत्व चौ. अभय सिंह चौटाला बखूबी कर रहे हैं। प्रो. संपत्त सिंह ने अपने आप को ताऊ देवीलाल व चौ. ओमप्रकाश चौटाला परिवार का हिस्सा बताते हुए कहा कि अभय सिंह चौटाला ने एक बड़ी हिम्मत दिखाते हुए रोहतक में एक कामयाब रैली की। पिछले कुछ दिनों से रोहतक में एक बड़ा बदलाव आ रहा है। रोहतक एवं सोनीपत चौ. देवीलाल कर्मभूमि रही है। चौ. देवीलाल ने मुझे पहली बार भट्टू से विधायक बनने का अवसर दिया। बेशक मुझे मेरे मां-बाप ने जन्म दिया, लेकिन सियासत में चौ. देवीलाल ने मुझे जन्म दिया।

### युवा बेरोजगारी से हताश

*जम्मू कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि आज चौ. अभय सिंह चौटाला चौ. देवीलाल व चौ. ओमप्रकाश चौटाला की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि देवीलाल बाल्यकाल की अवस्था में झंडा लेकर आजादी की लड़ाई में कूदे। हरियाणा निर्माण में अहम भूमिका अदा की। विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि आज हमें कमी महसूस होती है चौ. देवीलाल के जीवन 5 हजार स्कूल प्रदेश में बंद हो चुके हैं। देश में 1 लाख स्कूल बंद हो चुके हैं। युवा बेरोजगारी से हताश हैं।*

### किसान के प्रति कोई स्नेह नहीं

*पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने चौ. अभय सिंह चौटाला को अपना भाई बताते हुए कहा कि चौ. अभय सिंह चौटाला ही चौ. देवीलाल के सच्चे वारिस हैं। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए करीब 80 साल हो गए। इस लंबी अवधि में गांव तरक्की नहीं कर सके हैं। यह सरकारों की सोच की वजह से है। राष्ट्रीय दलों के दिलों में किसान एवं गरीब के प्रति कोई स्नेह नहीं है। भाजपा एवं कांग्रेस जैसे दल गरीब एवं किसानों के बारे में कभी नहीं सोचते।*



## इनेलो की रैली ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

# मंजीत कन्हैली के नेतृत्व में हजारों युवा पार्टी में शामिल

> युवा अब रुकेंगे नहीं, आने वाले चुनाव में बनाएंगे इनेलो की सरकार : कन्हैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती पर आयोजित इनेलो के सम्मान समारोह में युवाओं का जोरदार जोश नजर आया। इनेलो नेता मंजीत कन्हैली के नेतृत्व में हजारों युवाओं ने इनेलो का दामन थामा और पार्टी के लिए समर्पण भाव से काम करने की शपथ ली। इनेलो युवा नेता मंजीत कन्हैली ने कहा कि रैली ऐतिहासिक रही, रोहतक के युवाओं ने इनेलो ज्वाइन की और अब ये युवा रुकने वाला नहीं है।

आने वाले चुनाव में इनेलो की सरकार बनेगी और छायादार अभय चौटाला मुख्यमंत्री होंगे। मंजीत ने कहा इनेलो ही किसान, मजदूर, युवा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। चौधरी अभय चौटाला 24 घंटे अपने कार्यकताओं और हरियाणा की जनता के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। मंजीत कन्हैली ने कहा कि आज की रैली ने सभी रैलियों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, आने वाले समय में इनेलो के साथ जुड़ा युवा अहम भूमिका निभाएगा। रैली को सफल बनाने में युवाओं सहित 36 बिरादरी के लोगों ने ताकत दिखाई है। इससे साफ है कि आने वाला समय इनेलो का है, क्योंकि जनता भाजपा से ऊब चुकी है और कांग्रेस को पहले ही नकार चुकी है।

### कांग्रेस में कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं

इनेलो नेता मंजीत कन्हैली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकताओं को सम्मान नहीं मिलता। भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा किसी भी मेहनती कार्यकर्ता को आगे नहीं बढ़ने देते। दूसरी ओर भाजपा को भी अब जनता पहचान चुकी है। इनकी कथनी और करनी में दिन रात का अंतर है। जनता को बरगलाने में भाजपा का कोई सानी है। अब जनता इनेलो की ओर देख रही है और आने वाले समय में इनेलो की सरकार बनेगी।



### रैली में ये रहे मौजूद

रैली में इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, शेर सिंह बड़शामी, पूर्व पुलिस महानिदेशक एमएस मलिक, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद सिंह लोहान, रोहतक इकाई के जिलाध्यक्ष डा. नफे सिंह लाहली, पार्टी की महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष तनुजा, धर्मपाल मकड़ौली, सुचित्रा सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# धर्म के संरक्षण के लिए होता है भगवान का अवतार: शिवम

- सेक्टर एक में हो रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन रामायण की चौपाइयों पर झूमे लोग
- भगवान राम के रुप में सजे बालक को देखकर सभी हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नवरात्रों के शुभ अवसर पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-1 में श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीधाम वृंदावन मथुरा से आए कथा व्यास आचार्य शिवम कौशिक ने मां के चौथे स्वरुप कुष्मांडा का स्मरण कराते हुए पावन संगीतमय श्रीरामकथा की शुरुआत की। आचार्य शिवम कौशिक ने गुरुवार को श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम जन्म, भगवान अवतार और मनु और शतरूपा की कथा का वर्णन विस्तार से किया। आचार्य शिवम कौशिक ने नाम,धाम रूप और लीला यह चारों परमात्मा के स्वरूप माने गए हैं। शास्त्र में इन चारों से जीव का कल्याण होना संभव है किसी एक से हमारी साधना जुड़नी चाहिए।



उन्होंने भगवान श्री राम के जन्म की कथा के बारे में बताया कि राजा दशरथ व रानी कौशल्या के घर एक दिव्य बालक के रूप में भगवान राम का जन्म हुआ। आचार्य ने कहा कि धर्म,संस्कृति के संरक्षण के लिए ही भगवान का अवतार होता है।

### भगवान विष्णु ने अवतार लिया

मनु और शतरूपा की कथा सुनाते हुए कहा कि वे दोनों ब्रह्मा द्वारा उत्पन्न प्रथम पुरुष और स्त्री थे। उन्होंने अपने पुत्र को राज्य सौंपकर नैमिषारण्य में भगवान विष्णु की कठिन तपस्या की और उनसे अपने पुत्र के रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा। प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें अगले जन्म में चक्रवर्ती श्री महाराज दशरथ और कौशल्या के रूप में जन्म लेकर भगवान राम के माता-पिता बनने का वरदान दिया। इस पावन श्रीराम कथा के अवसर पर अर्चना, अवंतिका मिश्रा, ज्योति, ममता, एडवोकेट अजय गांधी, योगेश, आकाश भारद्वाज, श्रीयांश सरन, निर्मल शुक्ला, बृजनंदिनी किशोरी, और सेक्टर 1 और न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रोहतक के कई निवासी कथा सुनने पहुंचे।

## एकमुश्त समाधान योजना के तहत 27 तक ले सकते हैं लाभ: अमिता

**रोहतक।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त अमिता तंवर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई एकमुश्त समाधान योजना (वन टाइम सेटलमेंट स्कीम) व्यापारियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू हुई थी, इसका लाभ उठाने की अंतिम तिथि 27 सितंबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत एक लाख रुपए तक के बकाया कर, ब्याज और जुर्माने की पूर्ण नाफी दी जाएगी। एक लाख से दस लाख रुपए तक के बकाया कर में ब्याज और जुर्माने की माफी के साथ एक लाख रुपए की कर छूट मिलेगी और शेष कर का केवल 40 प्रतिशत ही अदा करना होगा। इसी प्रकार दस लाख से दस करोड़ रुपए तक के बकाया कर में ब्याज और जुर्माने की माफी के साथ एक लाख रुपए की कर छूट दी जाएगी और शेष कर का 50 प्रतिशत जमा करवाना होगा। दस करोड़ रुपए से अधिक के बकाया कर में ब्याज और जुर्माने की माफी के बाद सम्पूर्ण कर राशि का भुगतान करना होगा। व्यापारियों की सुविधा के लिए कार्यालय प्रतिदिन शाम 7 बजे तक खुला रहेगा।

## 26 को भैंसरू कलां से प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम का होगा शुभारंभ

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम को सार्थक बनाने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार आज लघु सचिवालय के सभागार में उपरोक्त कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की यह एक नई पहल है और इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन की पहुंच गांव के आखिरी व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि गांव में प्रशासन की नियमित उपस्थिति दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्य को ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करें। नरेंद्र कुमार ने कहा कि जिन अधिकारियों अथवा कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है वे इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने-अपने विभाग से संबंधित ढांचागत सुविधाओं, योजनाओं व सेवाओं का निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम का शुभारंभ 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे गांव भैंसरू कलां से होगा और यह कार्यक्रम साप्ताहिक रहेगा।



**रोहतक।** मीटिंग लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि



## जिला विकास भवन में सफाई कर्मचारियों के लिए मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**रोहतक।** जिला प्रशासन की ओर से वीरवार को जिला विकास भवन में सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना रहा। शिविर का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने किया। आयुक्त ने बताया कि सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से बीमारियों का समय पर पता लगाकर आवश्यक उपचार संभव हो पाता है और कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ती है। स्वास्थ्य शिविर में सफाई कर्मचारियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, शुगर स्तर, नेत्र जांच, ईसीजी और अन्य पैथोलॉजिकल जांच की गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों और चिकित्सकीय टीमों ने कर्मचारियों को आवश्यक परामर्श दिया और दवाइयां भी उपलब्ध करवाईं। शिविर की निगरानी विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने की। विशेष अधिकारी प्रदीप कौशिक ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का कार्य सीधे धूल-मिट्टी और कचरे से जुड़ा होता है, जिससे उन्हें सांस, दमा, आंख, कान और गले से संबंधित बीमारियों का खतरा रहता है।

# शिविर से लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ : खरक

## ▶▶ रोहतक पीजीआई से आई स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम ने की मरीजों की जांच

> लाखन माजरा सीएचसी के एसएमओ डॉ. रणवीर सिंह की निगरानी में चला नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सीएचसी लाखन माजरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रणवीर सिंह ने बताया गया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत वीरवार को लाखन माजरा सीएचसी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक द्वारा किया गया। सीएचसी लाखन माजरा (स्वास्थ्य विभाग) के तत्वाधान में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पीजीआई रोहतक से मिल कर लगाया। शमशेर खरक ने कहा इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं और परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं से अवगत कराना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना था।



सीएचसी लाखन माजरा और रोहतक पीजीआई से आई डॉक्टरों की टीम का धन्यवाद किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि इस पहल से नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और समय पर चिकित्सा सहायता लेने में मदद मिलेगी। डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 500 लोंगों के द्वारा पंजीकरण कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया गया।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक एसएमओ रणवीर सिंह और उनकी डॉक्टर टीम, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, किसान नेता सतबीर राठी, महिला मोर्चा के अध्यक्ष ललित शर्मा मंडल महामंत्री अजित, अनिल राठी, राठी धर्मवीर भगत नसीब कोच आदि भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहें।*

## केंद्र व हरियाणा सरकार ने महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं शुरू की

# लाडो लक्ष्मी योजना विपक्ष के मुंह पर तमाचा : ग्रोवर

## ▶▶ प्रदेश की भाजपा सरकार ने चुनाव के समय बहनों से किया वादा पूरा किया

- पूर्व मंत्री ग्रोवर बोले, जन धन योजना के तहत खुले खाते बहनों की बदल रहे हैं जिंदगी, सरकार की योजनाओं का सीधा मिल रहा है लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने चुनाव के समय संकल्प पत्र में किये वादे को पूरा करते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र बहनों को 2100 प्रति माह मिलेंगे। जिस विपक्ष ने जन धन खाते खुलवाने का मजाक उड़ाया था, आज उसी विपक्ष के मुंह पर जोर का तमाचा लगा है। आज इन खातों की बदौलत केंद्र और हरियाणा सरकार की हर योजना का सीधा लाभ पात्र लाभार्थियों को मिलने लगा है।

ओल्ड आईटीआई स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ प्रोग्राम में पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कार्यक्रम में मौजूद पार्षद बहनों के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में मौजूद बहनों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को 2100 देने का वादा किया था, जिसे आज हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर साकार करने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर योजना को सिरे चढ़ा रहे हैं। साल 2014 के बाद से हरियाणा में भाजपा की सरकार आने के बाद हर जरूरतमंद और पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कांग्रेस की सरकार के समय दलाल तंत्र और भ्रष्ट तंत्र हावी था, जिसकी वजह से जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था।




**रोहतक।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

### महिलाओं को जूट बैग वितरित किए

पूर्व मंत्री ने कहा कि बहनों के लिए शौचालय बनवाने एलपीजी के कनेक्शन देने, मकान बनवाने, पंचायत में आरक्षण देने, गर्भवती महिलाओं को एक निश्चित राशि देने सहित अनेक बड़े फैसले लिए हैं, जिन्होंने देश और प्रदेश की नारी शक्ति की जिंदगी बदलने का काम किया है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ने महिलाओं को जूट बैग भी वितरित किए। निगम की ओर से रोहतक को पॉलिथीन मुक्त बनाने के संकल्प के साथ आमजन को 5000 से अधिक जूट के बैग वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम को नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व सभी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शुभारंभ संबोधन को भी सुना। इस मौके पर पार्षद सुरेश किराड़, सीएम विंडो प्रतिनिधि मनोज मक्कड़, पार्षद मुक्ता नागपाल, पार्षद अनीता मिगलानी, पार्षद मनीषा नांदल, पार्षद परीक्षित देशवाल, पार्षद रिंकू, पार्षद बेबी रानी, रानी किराड आदि महिलाएं मौजूद रही।

## राजकीय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टूल किट वितरण कार्यक्रम संपन्न

**रोहतक।** राजकीय आदर्श आईटीआई में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तत्वावधान में टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा मुख्यातिथि रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी रामकरण हुड्डा, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री जगमाल नरवाल, समाजसेवी सतीश हुड्डा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि मंजू हुड्डा ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा टूल किट के साथ समाज सेवा करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि जगमाल नरवाल ने छात्र-छात्राओं से पूर्वजों एवं माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कारों का पालन करने संकल्प लेने को कहा। रामकरण हुड्डा ने भी अपने वक्तव्य से छात्र-छात्राओं की कामयाबी हेतु कई मूल मंत्र दी।



**रोहतक।** कार्यक्रम में विद्यार्थियों को टूलकिट वितरण करते मुख्य अतिथि जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा,समाजसेवी रामकरण हुड्डा, जगमाल नरवाल, सतीश हुड्डा व प्रधानाचार्य राजपाल सिंधु। फोटो : हरिभूमि



## आयुक्त बोले, स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान अभियान का आयोजन

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत वीरवार को एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छता के महत्व से जागरूक करना और सामूहिक रूप से श्रमदान के लिए प्रेरित करना रहा। यह अभियान विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक की देख-रेख में जिला विकास भवन के आसपास चलाया गया। इसमें निगम अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। विशेष अधिकारी प्रदीप कौशिक ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में कूड़ा डालने वाले स्थलों को कम किया जा रहा है और वहां सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी में किए गए सुधारों का मिलेगा लाभ

**रोहतक।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों से समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ होगा। सरकार द्वारा गत 22 सितंबर से जीएसटी के सुधारों को लागू कर दिया गया है। उन्होंने स्थानीय सुभाष रोड स्थित ऑटो मार्केट व गंगा पैलेस में दुकानदारों से मुलाकात की तथा उन्हें जीएसटी में किए गए सुधारों बारे जागरूक किया। कार्यक्रम में दुकानदारों ने जीएसटी में किए गए सुधारों को लेकर अपने विचार सांझा किए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की।

### आधार ऑपरेटरों के लिए मेगा प्रशिक्षण शिविर

**रोहतक।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आधार नामांकन और अद्यतन (ईएंडयू) ऑपरेटरों और पर्यवेक्षकों के लिए एक मेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक क्षेत्रीय कर्मियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर को पूरे क्षेत्र में परिचालन दक्षता को मजबूत करने, जागरूकता बढ़ाने और आधार सेवा वितरण प्रथाओं को मानकीकृत करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।इस कार्यक्रम में यूआईडीएआई चंडीगढ़ के परियोजना प्रबंधक गौरव शर्मा ने भाग लिया, जिन्होंने क्षेत्रीय कर्मियों की क्षमता निर्माण और आधार सेवाओं में जनता का विश्वास बढ़ाने में ऐसी पहलों के महत्व बताया।

### वाद विवाद प्रतियोगिता में तमन्ना रही प्रथम

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में एंटी ड्रग अवैरनेस क्लब के तत्वावधान में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों नें ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में बताया और समाज के लिए इसे नासूर बताया। कहा कि यह नासुर लगतार फैलता ही जा रहा है। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तमन्ना आर्ट्स संकाय ने प्रथम, सुमीक्षा आर्ट्स संकाय ने दूसरा और अनुज आर्ट्स संकाय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### एनएसएस वॉलंटियर्स ने मनाया एनएसएस दिवस

**महम।** गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोखरा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अनुज मलिक ने किया। स्वयंसेवकों को सेवा भावना और समाजहित में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश दांगी ने एनएसएस के उद्देश्य बताए।

### एमडीयू ने की विश्व फूड इंडिया 2025 में शिरकत

**रोहतक।** मदवि का प्रतिनिधिमंडल विश्व फूड इंडिया 2025 (भारतमंडपम, प्रगति मैदान) में शामिल हुआ, जिसका आयोजन भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा किया गया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज़्म मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. आशीष दहिया और अतिरिक्त डीन (इंटर्नशिप) प्रो. संतोष तिवारी ने किया।

# रामलीला महोत्सव में हुआ सीता जन्म व गौरी पूजन का सुंदर मंचन

- रामलीला उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक उद्योगपति राजेश जैन ने श्रीराम के आदर्शों का श्रेष्ठ बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





रोहतक। पुराने बस स्टैंड पर मंचन करते कलाकार। श्री प्राचीन रामलीला सोसाइटी ( लोकल) में पहुंचे भिवानी से विधायक घनश्याम सराफ , समाजसेवी राजेश जैन। फोटो : हरिभूमि

रामलीला उत्सव कमेटी रोहतक के तत्वावधान में पुरानी आई.टी.आई. ग्राउंड, सरकुलर रोड पर आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेला के चौथे दिन सीता जन्म एवं गौरी पूजन का मंचन हुआ। मंचन की शुरुआत मंगला आश्रम हरिद्वार के अध्यक्ष स्वामी सुरेशानंद महाराज, होली हार्ट अस्पताल के डीएम कार्डियोलॉजी डॉ. आदित्य बत्तरा, रामलीला उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक उद्योगपति राजेश जैन, रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गगुनानी, समाजसेवी अनिल कुमार, अभी इंडस्ट्री के डायरेक्टर सुशील बंसल, लायंस क्लब के पूर्व प्रधान आर.के. जैन व प्रधान सुभाष तायल ने रिमोट दबाकर किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने संगीतमय महाआरती कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। आकाश में रंगबिरंगे धूमकेतु तारे छोड़कर शुभारंभ किया गया।

मंचन में कलाकारों ने राजा जनक के समय मिथिला राज्य में पड़े अकाल का दृश्य प्रस्तुत किया। यज्ञ के उपरांत राजा जनक हल से भूमि जोतते हैं, तभी हल का फाल कठोर वस्तु से टकराता है। खुदाई करने पर वहां एक कलश में सुंदर कन्या मिलती है। जनक निसंतान होने के कारण उस कन्या को पुत्री रूप में स्वीकार करते हैं। यही कन्या सीता कहलाती हैं। मंचन के दौरान भावपूर्ण अभिनय और गीत-संगीत ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### लक्ष्मण-परशुराम संवाद का हुआ मंचन

श्री प्राचीन रामलीला सोसायटी में लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन हुआ। कलाकारों ने परशुराम और लक्ष्मण के बीच के संवाद को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। परशुराम का क्रोध और लक्ष्मण की निर्भीकता दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहा। जब भगवान श्रीराम ने धनुष तोड़ा, तो परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखा संवाद हुआ, जिसने रामलीला मंचन को और जीवंत बना दिया। इस अवसर पर प्रधान सुभाष तायल, शंकर लाल मित्तल, सुशील मंगाला, सोनू जैन, नवीन बंसल, राकेश खुराना, संदीप गुप्ता, अंकित बंसल, अजेश गुप्ता, पवन विरमानी, जयभगवान ऐरन, रमेश रोहिल्ला आदि रहे।

## प्रथम चरण में प्रदेश की 21 लाख तो रोहतक की 20 हजार महिलाएं होगी लाभांवित

# अंत्योदय भावना से लाडो योजना का सीएम ने किया शुभारंभ : मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

- लाडो योजना महिलाओं के विकास में बनेगी सहायक
- भाजपा सरकार हर वर्ग के विकास को दे रही तवज्जों

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय को समर्पित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ कर संकल्प पत्र के एक और वायदे को पूरा किया है। योजना से प्रदेशभर की महिलओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर अंत्योदय की भावना को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संकल्प पत्र के एक और वायदे को पूरा करते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया है। मुख्यमंत्री ने पंचकुला से योजना के मोबाइल ऐप को लांच किया है, जिसके माध्यम से पात्र महिलाएं योजना के तहत पंजीकरण कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। आगामी एक नवंबर से पात्र महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से 2100 रुपए प्रतिमाह की राशि लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्राप्त होगी। सरकार द्वारा इस योजना के लिए बजट में 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। पूर्व डॉ. अरविंद शर्मा ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि योजना के तहत प्रथम चरण में प्रदेश की लगभग 21 लाख महिलाओं तथा जिला रोहतक की 20 हजार महिलाओं की पहचान की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को लागू करते हुए हर गरीबी के साथ खड़े हैं।





रोहतक। पंडित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करते मंत्री अरविंद शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

समारोह में रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, अन्य प्रशासनिक अधिकारी व पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। महम में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा के नेता दीपक निवास हुड्डा ने शिरकत की तथा उपस्थितगण को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर मेयर राम अवतार वाल्मीकि, उपायुक्त सचिन गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक रहे।

### मंत्री ने नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

पहले मंत्री अरविंद शर्मा ने नागरिक अस्पताल के भवन के पुनरुद्धार कार्य का अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। सरकार द्वारा नागरिक अस्पतालों में निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके उपरांत डॉ. अरविंद शर्मा ने स्थानीय जिला विकास भवन परिसर में जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर उत्साहवर्धन किया। इस रक्तदान शिविर में 100 युवाओं ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 78 युवाओं ने रक्तदान किया। लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जिनका अवलोकन डॉ. अरविंद शर्मा ने किया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर लगभग 50 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया, जिनमें पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के अस्पताल की लॉंड्री, पंडित भगवत दयाल शर्मा की प्रतिमा व प्रवेश द्वार, आवासीय भवन, अस्पताल रसोई घर, गोष्ठी व सम्मेलन कक्ष तथा स्थानीय नागरिक अस्पताल के भवन के पुनरुद्धार कार्य शामिल है।



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रूरल डेवलपमेंट द्वारा आज प्रातः 11 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 109 वें जन्मदिवस के अवसर पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंडित दीनदयाल चेयर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेंटर फॉर स्किल एंड वोकेशनल एजुकेशन तथा लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ।
इस अवसर पर सेवानिवृत प्रो. दया सिंह मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने- राष्ट्रीय राजनीति के प्रति पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यान देते हुए उपाध्याय जी के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. दया सिंह ने विद्यार्थियों को समाज सेवा की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि युवा वर्ग को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि समाज हित के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।



### शोध उत्कृष्टता पर हुआ ऑफलाइन कार्यक्रम

**रोहतक।** यूजीसी एमएमटीटीसी, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा एक सप्ताहीय ऑफलाइन कार्यक्रम /"उच्च स्तरीय शोध निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए उपकरण और तकनीकें विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्धेश्य उच्च शिक्षा और शोध के बदलते परिदृश्य में शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को समकालीन जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के आज के सत्र में प्रोफेसर नीरज दिलबागी ने "नए भारत के लिए उच्च शिक्षा का रूपांतरण" विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात पर विशेष बल देते हुए कौशल विकास, नए शिक्षकों की भर्ती, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एकीकरण, और भविष्य के लिए तैयार विश्वविद्यालयों की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।




### एमडीयू का स्वास्थ्य पथ बना छात्रों की पहली पसंद

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कैंपस में विकसित 'स्वास्थ्य पथ' (हेल्थ ट्रैक) ने अब छात्रों, फैकल्टी, स्टाफ और विजिटर्स के बीच अपनी अलग पहचान बना ली है। यह लंबा घुमावदार पाथवे न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम बन गया है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी एक आदर्श स्थान साबित हो रहा है। शाम के समय उपयुक्त संगीत और एम्बिएंट लाइटिंग की सुविधा ने इसकी रंगत और निखार दी है, जिससे यह सूर्यास्त के समय और भी मनमोहक लगता है। पैदल चलने के दौरान ताजी हवा और हरियाली से घिरे इस पथ पर लोग न केवल अपनी फिटनेस को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि डिजिटल दुनिया की भागदौड़ से मुक्ति पा रहे हैं।

# बीएमयू में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में फार्मेसी विभाग के छात्र जो नशा मुक्ति का संदेश देंगें।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में फ़ार्मेसी संकाय द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर "नशा मुक्ति एवं नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नशा मुक्ति के लिए सावधानियाँ और उपाय भी बताए।फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों ने फ्रेंड्स कॉलोनी रोहतक में जाकर लोगों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने समझाया कि चिकित्सक की सलाह के बिना दवाइयों का सेवन करना या अधिक खुराक लेना गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है।



### शैक्षिक भ्रमण के सफल समापन पर दी बधाई

रोहतक। श्री एल.एन. हिंदू महाविद्यालय, रोहतक द्वारा दिनांक 21 से 23 सितंबर 2025 तक तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में आगरा, मथुरा, वृंदावन एवम् ग्रेटर नोएडा जैसे भारत के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं व्यवसायिक स्थलों का भ्रमण किया। इस अवसर पर भ्रमण प्रभारी डॉ. सन्दीप ने बताया किभ्रमण का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा जी के कुशल निर्देशन में हुआ। उन्होंने यात्रा से पूर्व सभी विद्यार्थियों को राज्य द्वारा निर्धारित यात्रा नियमों, नागरिक अनुशासन एवं सुरक्षा उपायों से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. राजेश गहलावत, श्री सुमित, श्रीमती ऋतु, मिस प्रतिभा, मिस मनीषा, डॉ. रीना कत्याल एवं डॉ. हिना आदि शिक्षक यात्रा में उपस्थित रहे।

## एनएसएस के माध्यम से युवा पीढ़ी जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा भाव सिखा रही

# स्वयंसेवकों ने तिलयार झील पर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का 57वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने तिलयार झील परिसर रोहतक पर स्वच्छता अभियान चलाकर कर समाज को स्वच्छता का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.)एच. एल. वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि एनएसएस के माध्यम से युवा पीढ़ी जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा भाव को सिखाती है। डॉ. वर्मा ने स्वयंसेवकों को निरंतर आगे बढ़ने, स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और सामाजिक समानता जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने पॉलिथीन और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी देते हुए कहा कि पॉलिथीन न केवल भूमि की उर्वरता को प्रभावित करती है, बल्कि यह नालियों के जाम होने, पशुओं की मृत्यु और जलवायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बनती है।



**रोहतक।** तिलियर झील पर सफाई अभियान पर जुटे बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक।

### गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की

डॉ. विनोद ने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर ही बड़े सामाजिक परिवर्तन लाए जा सकते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुधीर मलिक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. श्रीभगवान ने एनएसएस की महत्ता और इसकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस समन्वयक डॉ. मनजीत कुमार ने विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के अंतर्गत चल रही गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। स्थापना दिवस पर स्वयंसेविका अनुष्का और वंशिका ने नारी सशक्तिकरण पर कविताएँ प्रस्तुत की, जबकि रीद्धि, मुस्कान और रीत ने नृत्य प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक डॉ. विशाल (फिजियोथेरेपी विभाग), सृष्टि मलिक (फिजियोथेरेपी विभाग) और निहार (फिजियोथेरेपी विभाग) को समाज सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन ने किया और अंत में डॉ. प्रमिला ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समारोह में डीन बी. एम. यादव, डिप्टी डीन डॉ. सोनिया सरोहा, डॉ. मोनिका, डॉ. प्रीति लठवाल, डॉ. राजीव, अमित अत्री, रितिका, शोधार्थी सोनिका कादियान, नीरज जाखड़, पंकज राणा सहित वरिष्ठ व कनिष्ठ स्वयंसेवक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### सुपवा में सेवा पखवाड़ा के तहत क्विज़ व रंगोली प्रतियोगिता हुई

**रोहतक।** दादा लखमीचंद राज्य विश्वविद्यालय परफॉर्मिंग एंड विज़ुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को क्विज़ और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और टीमवर्क को प्रोत्साहित करते हुए उत्साहपूर्ण माहौल बनाया। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, रचनात्मकता और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि क्विज़, रंगोली और सामुदायिक अभियानों से ऐसे युवाओं का निर्माण हो रहा है, जो ज्ञान के साथ सेवा और रचनात्मकता के साथ संस्कारों को जोड़ते हैं।

**सूचना**

मैं, कर्मवीर पुत्र श्री भगवाना निवासी फरमाना खास, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शिव मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**

| | |
|---|---|
| ICU Staff | 6 |
| PRO/Marketing Executive | 6 |
| MRI Technician | 2 |
| Computer Operator (Male) | 2 |
| Computer Operator (Female) | 2 |

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## 4 और 25 सितम्बर को नहीं दी गई पेयजल सप्लाई

# लोगों को पिलाया जा रहा सिर्फ आश्वासनों का पानी, कहीं पर एक समय तो कहीं दूषित पानी

### दो समय मिलने वाला पानी भी केवल एक समय ही मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। कहीं पर पानी एक समय तो कहीं पर पानी ही नहीं पहुंच रहा है। टेल एंड पर मोटर लगाने के बाद भी पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में लोगों को बाहर से पानी के टैंकर ही मंगवाने पड़ रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगह दूषित जलापूर्ति की समस्या बनी हुई है। सीवरेज ओवरफ्लो हो जाते हैं, लीकेज होने कारण दूषित पानी घरों तक पहुंचता है। कई इलाकों में पानी पहुंचता तक नहीं। जन समस्याओं को जानने के साथ-साथ विभाग की टीम को पानी की गुणवत्ता और उपलब्धता का निरीक्षण भी करना चाहिए। शहर की कई कॉलानियों में काफी समय से जलापूर्ति की समस्या है। दो समय मिलने वाला पानी भी केवल एक समय ही मिल रहा है। ऊंचे इलाकों में पानी न के बराबर ही पहुंच रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से टैंकरों से सप्लाई की जा रही है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पेयजल आपूर्ति के हालात अगले तीन दिन बाद सुधर जाएंगे। लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते है, उनका महीनों तक भी समाधान नहीं हो पाता है। इसमें सबसे ज्यादा समस्या बच्चों बुजुर्गों और महिलाओं को झेलनी पड़ती है। लेकिन कितने दिन तक वह समस्या को सहें। ऐसे में उनकी जेब पर आर्थिक बोझ भी गिरता जा रहा है। वह सभी टैक्स भी समय पर जमा करते है। लेकिन उसके बावजूद उनके यह हालात है। चुनाव के समय पर भी हमें समाधान की बाते कहीं जाती है, हालांकि तुरंत समाधान भी होता है, लेकिन चुनाव के बाद फिर से वहीं हालात पैदा हो जाते है। फिर बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते है।



रोहतक। माता दरवाजा के पास से पानी भरते लोग। फोटो : हरिभूमि

### यहां नहीं आ रहा पानी

जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुर्गा कॉलोनी, डेयरी मोहल्ला, सल्लारा मोहल्ला, पाडा मोहल्ला, बदरी गेट, माता दरवाजा, तेज कॉलोनी, लाढ़ौत रोड, बसंत विहार कॉलोनी, अमृत नगर, रेवेन्यू कॉलोनी, कमल कॉलोनी, तिलक नगर, बसंत विहार, हुडा कॉम्प्लेक्स, रामनगर, घनीपुरा, जगदीश कॉलोनी, रविदास नगर, आर्य नगर, देव कॉलोनी, कैलाश कॉलोनी, प्रेम नगर, कन्हेली, पहरावर, बलियाणा, खेड़ी साध, फ्रेंडस कॉलोनी, माजरा व बोहर आदि में पानी की गुणवत्ता व उपलब्धता की जांच की थी। लेकिन उसका आज तक समाधान नहीं किया। लोगों के घरों में ऐसे ही दूषित पेयजल पहुंच रहा है।

### हालांकि विभाग ने 24 और 25 को पानी न देने की कि थी घोषणा

हालांकि विभाग ने सूचना भी जारी की थी कि शहर में 24 व 25 को दो दिन के लिए पानी की सप्लाई नहीं दी जाएगी। इसमें उन्होंने तकनीकी समस्या व रजवाहे से संबंधित समस्या का हवाला दिया था। ताकि लोगों को यह पता लग सकें, और उन्हें ज्यादा परेशानी न झेलनी पड़े।

### लोगों से बातचीत

#### कई बार शिकायत दी

पिछले कुछ दिनों से दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। इसको लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। विभाग ने सैंपलिंग ली है और सुधार कार्य के लिए आश्वासन दिया। उसके बाद भी समाधान नहीं।

*- जयकुवांर शर्मा, दुर्गा कॉलोनी।*

#### जेब से टैंकर मंगवा रहे

ज्यादातर लोगों को सरकारी टेंकर तक नसीब नहीं हो रहा है। ऐसे में उन्हें अपने जेब से टेंकर मंगवाना पड़ रहा है। बहुत बार अधिकारी सुनवाई न करने के कारण ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।

*-अमृता सिंह, रामनगर वासी*

### कुछ माह पहले पंचकूला की टीम निरीक्षण तक कर चुकी

कुछ माह पहले पंचकूला मुख्यालय से पहुंची अधिकारियों की टीम फील्ड में रही। नगर निगम के अधीन सभी वार्डों की कॉलोनियों में निरीक्षण किया गया। मुख्य अधिकारियों के नेतृत्व में 22 टीमों ने करीब 40 से अधिक कॉलानियों में दौरा किया। विभाग का लक्ष्य था कि सभी को पानी मिले व शुद्ध मिले। मुख्य अभियंता दिनेश सैनी, दो अधीक्षक अभियंता, दो एक्सईएन व छह एसडीओ सहित पूरी टीम लगातार निगरानी कर रही थी। इसके अलावा चार रसायनज्ञ, मोबाइल टेस्टिंग लैब वैन भी मौके पर पानी की गुणवत्ता को जांच रही थी। लेकिन उसके बाद भी हालात ज्यों के त्यों बने हुए है।

### विभाग की टीम लगातार काम कर रही

फिलहाल जहां पर पुरानी लाइन है, वहां पर दिक्कत होती है, लेकिन उनका समाधान किया जा रहा है। विभाग की टीम लगातार काम कर रही है। लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। लोगों की बार-बार शिकायत नहीं आने देते, तुरंत समाधान किया जाता है। लोगों को सुचारू रूप से पानी की सप्लाई दी जाएगी।

*-अनिल कुमार, एसडीओ, जनस्वास्थ्य विभाग*



रोहतक। मदवि में आयोजित कबडड़ी प्रतियोगिता में दांव लगाते प्रतिभागी।

## मदवि: अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के डॉ. मंगलसेन मल्टीपर्पज जिम्नेजियम हॉल में अंतर महाविद्यालय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश देते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम भी हैं। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने स्वागत भाषण दिया और प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उनका उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराना और विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को और सशक्त बनाना है। उन्होंने प्रतिभागियों को निष्पक्ष खेल और उच्च स्तर के प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

### रोहतक ने बल्लबगढ़ को 28-7 से हराया

सहायक खेल निदेशक डॉ. तेजपाल सिंह ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। कबड्डी कोच विकास और उनकी टीम प्रतियोगिता का समन्वयन कर रहे हैं। इस मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों के खेल प्रशिक्षक, टीम इंचार्ज, प्रतिभागी खिलाड़ी और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिम्नेजियम हॉल खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की तालियों से गूंज उठा। प्रतियोगिता की शुरुआत रोमांचक मुकाबलों से हुई, जिनमें खिलाड़ियों का जोश और दमखम देखते ही बनता था। कबड्डी मुकाबलों में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज ने राजकीय महाविद्यालय दुजाना को 37-15 से हराया। सीआरए कॉलेज ने नेकी राम कॉलेज को 38 - 18 से, राजकीय महाविद्यालय खरखौदा ने राजकीय महाविद्यालय बदली को 36-21 से, राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ ने सैनी कॉलेज को 29-12 से, सीआरए कॉलेज ने गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को 26-16 से, यूटीडी ने राजकीय महाविद्यालय खरखौदा को 31-5 से, जाट कॉलेज रोहतक ने अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ को 28-7 से हराया।

### एक दिन,एक घंटा, एक साथ अभियान

## जनप्रतिनिधियों का श्रमदान





महम। सफाई अभियान के दौरान श्रमदान करते इलाके के जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

नगर पालिका द्वारा एक दिन एक घंटा एक साथ अभियान के तहत शहर में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। इस अभियान में भाजपा नेता दीपक हुड्डा भी शामिल हुए। यह अभियान सैमाण चुंगी रोड पर चलाया गया।

दीपक हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर यह अभियान 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका उद्देश्य है कि देशवासी एकजुट होकर सामूहिक रूप से सफाई करें। उन्होंने कहा, "यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सालभर चलने वाली सतत प्रक्रिया का हिस्सा है। नवीन नांदल सचिव नगर पालिका महम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल सफाई कराना नहीं, बल्कि नागरिकों में सफाई के प्रति स्थायी चेतना विकसित करना है। उन्होंने कहा, "स्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को केवल सरकारी योजना न समझे, बल्कि इसे जीवनशैली में शामिल करे।

#### अभियान में ये रहे मौजूद

नगर पालिका की ओर से चलाए गए अभियान में चेयरपर्सन भारती पंवार, सचिव नवीन नांदल, पार्षद ऋषि भारद्वाज, मीना वाल्मीकि, विनोद गोयल, वेद प्रकाश धवन आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेनिंग कैंप: शिक्षकों को दिया एआई का प्रशिक्षण

महम। मदीना डाइट की ओर से शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस कैंप लगाया गया। इस दौरान शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमता की जानकारी दी गई। इस विशेष शिविर में रोहतक ज़िले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से आए 50 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को न केवल नवीनतम एआई टूल्स से परिचित कराना था, बल्कि उन्हें अपने शिक्षण कार्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभावी उपयोग सिखाना भी रहा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक पक्ष और जिम्मेदार उपयोग के महत्व पर विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा में एआई का प्रयोग करते समय डाटा गोपनीयता, छात्र सुरक्षा और निष्पक्षता का ध्यान रखना कितना आवश्यक है। शिक्षकों को रोचक शिक्षण कंटेंट तैयार करने की व्यवहारिक विधियाँ सिखाई गईं, जिनका वे अपने कक्षाओं में प्रयोग कर सकें। इस पूरे प्रशिक्षण को सफल बनाने में डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के साथ ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार, मास्टर ट्रेनर सुमित सहरावत, डॉ अलका मदान और अनिल कौशिक का विशेष योगदान रहा।



महम। ट्रेनिंग कैंप में भाग लेते रोहतक जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व उनके साथ मौजूद प्रशिक्षक।

### विधि विभाग का लीगल एड कैंप

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के विधि विभाग के लीगल एड क्लीनिक द्वारा शहीद प्रताप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जसिया में आज लीगल एड कैंप का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शैक्षिक समुदाय को कानूनी जागरूकता प्रदान करना और उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता से परिचित कराना था। कैंप की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र सिंह ढुल ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि कानूनी अधिकारों की जानकारी समाज के प्रत्येक सदस्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया कि कैसे लीगल एड क्लीनिक की सेवाओं का लाभ उठाकर वे अपने अधिकार सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन लीगल एड क्लीनिक के डायरेक्टर प्रो. सत्यपाल सिंह और डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रदीप लाकड़ा ने किया। प्रो. सत्यपाल सिंह और डॉ. लाकड़ा ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराया और उन्हें कानूनी सहायता की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### सीआर पोलिटेकनिक में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



रोहतक। हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा मुहिम के तहत छोटूराम बहुतकनीकी, रोहतक में पोस्टर मेकिंग, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया! जिसमें लगभग 50 विधार्थियों ने रंगों के माध्यम से अपने-अपने मनोभावों को सुंदर अभिव्यक्ति प्रदान कर सभी का मन मोह लिया । प्राचार्य डॉ सतेन्द्र पावडिया जी ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विधार्थियों का मानसिक विकास होता है एवं बच्चों में अपने देश के प्रति प्रेम, एकता अखंडता और संप्रभुता की भावना जागृत होती है। निर्णायक मंडल में डा सुखबीर किनहा, डा नीलम मलिक, प्रियंका शर्मा रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन मनीषा हुड्डा (कन्वेनर ) के द्वारा किया गया। पोस्टर मेकिंग में प्रिंस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रशव ने प्रथम स्थान और रंगोली प्रतियोगिता में सुशांत एवं ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट आलोक कुमार अजेता, विजेता, आशिमा, अमरजीत छिक्कारा उपस्थित रहे।

### पंचकूला से सीएम सैनी ने किया उदघाटन

## पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के 50 करोड़ की पांच परियोजनाओं का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गुरुवार को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जहां हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग व चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के भवनों का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन, शिलान्यास व नवीनीकरण किया वहीं पंचकूला से ही पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के करीब 50 करोड़ के 5 प्रोजेक्टों का भी उद्घाटन किया। सूबे के सहकारिता, जेल, चुनाव, विरासत और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार और पंडित भगवत दयाल शर्मा की मूर्ति का अनावरण मौके पर आकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा मुझे जो यह अनावरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसके लिए मैं सभी का धन्यवाद व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि पंडित भगवत दयाल शर्मा हम सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि जल्द ही पंडित भगवत दयाल शर्मा का एक बड़ा कार्यक्रम संस्थान में आयोजित करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी सभी के हितों का ध्यान रखते हैं और वें हड़ताली कर्मचारियों के हित के लिए भी कार्य कर रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल मुख्यमंत्री द्वारा किए गए अनावरण कार्यक्रम में उपायुक्त कार्यालय में भी उपस्थित रहे।

#### इन परियोजनाओं का उद्घाटन

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के एक्सईन विजय दलाल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा संस्थान के किचन, लोड्री, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के फ्लैट, लॉबी एंड कन्वेंशन हॉल, मुख्य द्वार और भगवत दयाल शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण डॉ. एमजी वशिष्ठ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, भगवत दयाल शर्मा की पुत्रवधू आशा शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पोषण कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



रोहतक। स्वस्थ नारी सशक्त परिवारअभियान के अंतर्गत पोषण माह के अवसर पर अर्बन हेल्थ पोस्ट, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक पोषण कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और घर पर बने पौष्टिक व स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रो. नीलम कुमार, विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग उपस्थित रहे। उनके साथ-साथ डॉ. मीनाक्षी, डॉ. विनोद, डॉ. अनुज, डॉ. मनोज, डॉ. प्रिया, तथा पीजी रेज़िडेंट्स डॉ. बिदिप्ता, डॉ. सीमा, डॉ. अर्जुन और सभी एएनएम भी शामिल हुए। प्रतियोगिता में माताओं ने रचनात्मकता और पोषण का सुंदर मेल प्रस्तुत करते हुए बीटरूट चीला, साबूदाना सैंडविच, पनीर भुर्जी, वेज रायता और भेलपुरी जैसे व्यंजन तैयार किए।

#### जंक फूड से बचना चाहिए

विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित आहार में अनाज, दालें, सब्जियाँ, फल और दूध उत्पादों का उचित संतुलन होना चाहिए। हमें रोज़ाना के भोजन में स्थानीय और मौसमी खाद्य पदार्थों को महत्व देना चाहिए तथा जंक फूड से बचना चाहिए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति समेत कार्यकारी परिषद सदस्यों को कानूनी नोटिस भेजा

# डीएचई ने गाइडलाइन जारी की, एमडीयू को शिक्षक भर्ती के लिए नहीं कहा, काफी पद खाली

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शिक्षकों के आधे से अधिक पद खाली हैं। इनको भरने के लिए काफी समय से प्रक्रिया रुकी हुई है। गत 18 जुलाई को उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने भर्ती के लिए सभी विश्वविद्यालयों के लिए कुछ निर्देश जारी किए हैं। ये डायरेक्शन आरक्षण रोस्टर की पालना करने के लिए इश्यू किए गए हैं। ताकि रिजर्वेशन के लाभ से कोई वंचित न रहे। सरकार ने फिलहाल तक ये नही कहा है कि एमडीयू समेत दूसरे विश्वविद्यालय शिक्षकों की भर्ती करें। इधर विश्वविद्यालय के पूर्व कुल सचिव एवं गणित विभाग के प्रोफेसर गुलशन तनेजा को पुन-नियुक्ति देने के मामले में एक आरटीआई कार्यकर्ता ने एमडीयू को लीगल नोटिस भिजवाए हैं। वीरवार को विश्वविद्यालय परिसर में ये चर्चा रही कि सरकार ने एमडीयू को शिक्षक भर्ती करने की अनुमति दे दी है। विश्वविद्यालय में शिक्षकों के 408 पद स्वीकृत हैं। इनमें से आधे से अधिक खाली हैं। 111 पद पर सहायक प्रोफेसर, 21 पर एसोसिएट प्रोफेसर और 11 प्रोफेसर के पद भरे जाने हैं। इनको भरने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन बीच में ही प्रोसेस रोक दी गई थी। ध्यान रहे कि जिस वर्ग को आरक्षण का लाभ मिलना है, उसने पिछले दिनों रोस्टर लागू करने के लिए सरकार को पत्र भेजा था। बताया जा रहा है कि इसलिए ही डीएचई ने पत्र जारी किया है।

#### गनमैन हटाया

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी को सरकार की तरफ से मिला पुलिस का गनमैन कुछ समय पहले हटा लिया है। इतना ही नहीं पिछले दिनों इस गनमैन को निलंबित तक कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस के अधिकारियों ने गनमैन को आदेश दिए थे कि वे एमडीयू से रिलिविंग लेकर तुरंत रिपोर्ट करें। लेकिन गनमैन ने ऐसा नहीं किया। इसके दो दिन बाद पुलिस की तरफ से गनमैन को निलंबित कर दिया गया। ध्यान ये भी रहे कि गत शुक्रवार को छात्र कुलपति आवास परिसर में घुस गए थे।

#### एमडीयू और कार्यकारी परिषद को लीगल नोटिस जारी



डॉ. जयपाल

एक मामले में आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. जयपाल द्वारा प्रो. (डॉ.) गुलशन लाल तनेजा को नियमों के विरुद्ध वरिष्ठ प्रोफेसर पद पर पदोन्नति, सेवानिवृत्ति के पश्चात पुनर्नियुक्ति, तथा डायरेक्टर, सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन का प्रभार देने पर आपत्ति जताते एमडीयू सहित समस्त कार्यकारी परिषद सदस्यों को कानूनी नोटिस प्रेषित किया गया है। यह नोटिस 30 अप्रैल, 12 मई और 29 जून और 29 जुलाई को भेजे गए ई-मेल के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई न होने के कारण भेजा गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिनों के भीतर कोई उचित एवं दस्तावेज आधारित कार्रवाई नहीं की जाती, तो डॉ. जयपाल सक्षम न्यायिक या अन्य उच्च प्राधिकरणों से इस संबंध में कानूनी कार्रवाई करेंगे।

### समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई

रोहतक। शुक्रवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की गई तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त सचिन गुप्ता के निर्देशानुसार जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल तथा जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल ने नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा करें। सभी विभागों की शिकायतों का एक छत के नीचे तुरंत निदान करने के उद्देश्य से हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।